(iv) जिसकी पत्नी मर गई हो

(v) जिसकी गिनती न हो सके

(vi) जो सब कुछ जानता हो

(vii) जो साथ पढ़ा हो

(viii) बड़ा भाई।

11. 'बूढ़ी काकी' कहानी का कथानक विस्तार से लिखिए।

12. निम्नलिखित पत्र लिखिए :

आप एक गरीब छात्र हैं। अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को फीस माफी के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए।

अथवा

आप महाविद्यालय के प्रथम वर्ष के विद्यार्थी हैं और छात्रावास में रहते हैं। अपने मित्र को छात्रावास के बारे में एक अनौपचारिक पत्र लिखिए।

13. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर अनुच्छेद लिखिए :

(अ) जीवन में अनुशासन का महत्त्व

(ब) कम्प्यूटर

(स) प्रिय त्यौहार

(द) राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी।

393

IGH

June – Examination 2020

BAP/BCP/BSc.P Examination

Introduction of General Hindi

(सामान्य हिन्दी का परिचय)

Paper : IGH

Time : 3 Hours] [*Maximum Marks : **80***

निर्देश :- यह प्रश्न-पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड—अ **8×2=16**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) व्यंजन किसे कहते हैं ?

(ii) व्यक्तिवाचक संज्ञा के कोई **दो** उदाहरण शब्द लिखिए।

(iii) सम्बन्ध कारक का विभक्ति चिह्न लिखिए।

(iv) सर्वनाम किसे कहते हैं ?

(v) बूढ़ी काकी कहानी किसने लिखी ?

(vi) लिंग बदलिए :

(अ) अध्यापक (ब) छात्रा

(vii) विलोम शब्द बनाइए :

(अ) दिन (ब) अमीर

(viii) 'फूल' के **दो** पर्यायवाची शब्द लिखिए।

खण्ड—ब 4×8=32

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 8 अंकों का है।

2. संज्ञा की परिभाषा देते हुए उसके प्रकारों का वर्णन कीजिए।
3. विशेषण किसे कहते हैं ? कोई **आठ** विशेषण सूचक शब्द लिखिए।
4. 'नर हो न निराश करो मन को' कविता हमें क्या शिक्षा देती है ? समझाइए।
5. 'चरित्र निर्माण' कहानी में महात्मा गाँधी पत्र में क्या-क्या बातें लिखते हैं ? स्पष्ट कीजिए।

6. निम्न शब्दों का संधि विच्छेद कर, उनका भेद भी लिखिए :

(अ) विद्यालय

(ब) सुरेन्द्र

(स) परोपकार

(द) देवालय

7. 'उपसर्ग' किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।
8. समाज विग्रह कर, उनका नाम भी लिखिए :

(अ) चावल-दाल

(ब) हस्तलिखित

(स) त्रिनेत्र

(द) पीताम्बर

9. संक्षेपण और पल्लवन का अर्थ बताते हुए उनका अन्तर समझाइए।

खण्ड—स 2×16=32

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 16 अंकों का है।

10. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए : (प्रत्येक 2 अंक का)

(i) जो ईश्वर में विश्वास न करे

(ii) इन्द्रियों को जीतने वाला

(iii) जिसका कोई शत्रु न हो